## Regarding action against real estate builders committing fraud

**श्री वीरेन्द्र सिंह (चन्दौली) :** मैं आपका ध्यान अति महत्वपूर्ण विषय पर आकर्षित करना चाहता हूं जो देश की साख और विश्वसनियता से जुड़ी हुई समस्या है ।?(व्यवधान)

महोदय, हमारे देश में कई इस तरह के रियल एस्टेट कारोबारी बिल्डर्स हैं, जो निवेश के मनाम पर गलत सपना दिखाकर देश और विदेश में रहने वाले हमारे एनआरई भाई से पैसा जमा करा लेते हैं और उनके साथ धोखाधड़ी करते हैं ।?(व्यवधान) रियल एस्टेट का कारोबार करने वाले बिल्डर्स के पास उनका हजारों-करोड़ रुपया जमा है ।?(व्यवधान) मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि ऐसा निवेश करने वाले अप्रवासी भारतीयों की सहायता हेतु वह कोई सूची तैयार करेगी? ?(व्यवधान) क्या ऐसे बिल्डर्स पर सरकार कोई कार्रवाई करेगी? ?(व्यवधान) मैं सरकार से चाहता हूं कि गुड़गांव की M3M कंपनी और तमाम ऐसी कंपनियां हैं, उनकी सूची मेरे पास है । यदि सरकार मुझे मौका देगी तो मैं सहायता भी करने को तैयार हूं ।?(व्यवधान) मैं सदन के माध्यम से मांग करता हूं कि इस महत्वपूर्ण विषय पर देश के मान-सम्मान और गुडविल के खातिर आवश्यक कार्रवाई की जाए । धन्यवाद ।?(व्यवधान)